## मदर्स प्राइड स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

मुजफ्फरनगर। मदर्स प्राइड स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देना था। विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान



का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय परिसर में पौधे लगाए। इस पहल ने न केवल विद्यालय परिसर को सुंदर बनाया, बल्कि कार्बन पदचिह्न को कम करने और हरियाली को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर, छात्रों ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों और समाधानों के बारे में सीखा और समझा कि कैसे वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण की रक्षा के लिए योगदान कर सकते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ रिंकु एस गोयल ने कहा, ष्हम छात्रों में पर्यावरणीय जागरूकता और जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें विश्वास है कि आज के छोटे कदम कल के लिए एक हरित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## लोजपा की बिजनौर कार्यकारिणी ने पर्यावरण दिवस पर पीपल के पौधे लगाकर दिया संदेश

बिजनौर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोजपा के जिला महामंत्री हरीराज सिंह के प्रतिष्ठान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया और नगर में पार्टी पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की बढ़ती समस्या के कारण मौसम चक्र बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिसे



केवल वृक्ष ही नियंत्रित कर सकते हैं। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाएं। डॉ. निर्वेश त्यागी ने कहा वृक्ष हमारे जीवन के लिए उपयोगी होते हैं। इनसे पर्यावरण भी संतुलित रहता है। जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज जब हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह सोचना होगा कि हम प्रकृति से क्या ले रहे हैं और उसे बदले में क्या दे रहे हैं। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। इस दौरान वृक्षारोपण कर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर रामनाथ सिंह, हरि सिंह,डॉ. निर्वेश त्यागी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, हरिराज सिंह, अर्जुन सिंह, वसीम अहमद, राजेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, दीपक चौहान, फिरोज ठेकेदार और अभिषेक कुमार आदि ने झालू रोड पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया।

## प्रयागराज मण्डल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

प्रयागराज। मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, श्री रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक 22 मई, 2025 से 5 जून, 2025 तक ष्एंड प्लास्टिक पॉल्यूशनष थीम पर मनाए जा रहे ष्विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ेष का आज दिनांक 05.06.2025 को समापन हो गया। इस अवसर पर प्रयागराज मण्डल कार्यालय से प्रयागराज जंक्शन तक एक प्रभात फेरी निकाली गयी एवं प्रयागराज जंक्शन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़े में रेलवे परिसरों बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। रेलवे कार्बन उत्सर्जन को



कम करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील और संकलपित है। पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिमीदारी है और साझा प्रयास से ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। प्रयागराज मण्डल ने स्वच्छता, पर्यावरण अनुकूल उत्पादों, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त रेलवे परिसरों के निर्माण की दिशा में अभियान चलाए है इसका असर रेलवे स्टेशन, रेलवे परिसरों एवं कालोनियों में दिखाई पढ़ रहा है।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों और भारत स्काउट – गाइड के सदस्यों द्वारा मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/प्रयागराज से प्रयागराज जंक्शन स्टेशन तक पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली गयी एवं प्रयागराज जंक्शन पर मण्डल रेल प्रबन्धक के साथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए शपथ ली। इसअवसर पर प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या –1 पर भारत स्काउट – गाइड के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में वृक्षों को बचाने एवं एकल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए संदेश दिया गया।

पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज टूंडला, अलीगढ़, फ़तेहपुर, मिर्ज़ापुर स्टेशनों पर वृक्षारोपण के साथ कर्मचारियों और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ली। इस अवसर पर मण्डल के सभी स्टेशनों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाये गए।

इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, श्री रजनीश अग्रवाल; अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/इंफ्रा., श्री नवीन प्रकाश; वरिष्ठ मण्डल पर्यावरण एवं रखरखाव प्रबंधक; वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक, श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी, श्री यू सी शुक्ला सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं भारत स्काउट – गाइड के सदस्य उपस्थित थे।

# विश्वनाथ इकाई की महिला काव्य गोष्ठी संपन्न

विश्वनाथ। शहर समता महिला काव्य गोष्ठी,सैयदा आनुवरा खातून के संयोजन एवं संचालन में विश्वनाथ चारआलि (असम) इकाई में कुशलता पूर्वक आयोजित किया गया।

सर्व प्रथम सैयदा आनुवरा खातून ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही आकर्षक भक्ति पूर्ण सरस्वती वन्दना प्रस्तुति से मंच का शुभारंभ किया।

आज के इस मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के हिलेरी टाइम चौनल के युवा पत्रकार श्शीष कुमार

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ गज़लकार जनाब मनशुर अली श कमाल श साहब , मध्य प्रदेश रतलाम से वरिष्ठ गीतक मनोहर मधुकर , बंगाईगांव असम से वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक . लल्लालललललश्रलाल विनय कुमार श बुद्ध श , लेखिका एवं कवयित्री श्रीमती मनोरमा श्रीवास्तव , गुवाहाटी – असम से युवा कवयित्री एवं शिक्षिका श्रीमती आभा कुमारी जी , असम की युवा कवयित्री व शिक्षिका श्रीमती मनीषा पाल जी , उत्तर प्रदेश आजमगढ़ से युवा कवि रुद्र प्रताप चतुर्वेदी , मध्य – प्रदेश रतलाम से लेखिका व संपादक डॉ. खुश्बू राठी , ऋषिकेश से वरिष्ठ गज़लकार जनाब आलम मुसाफिर साहब जी , और शहर समता महिला काव्य मंच विश्वनाथ इकाई– (असम) की अध्यक्षा – युवा लेखिका – शिक्षिका श्रीमती सैयदा आनोवरा खातून समेत अन्य कवि / कवयित्रियों और गजलकारों ने अपनी अपनी सुंदर प्रस्तुतियों से आज के मंच पर चार चांद लगा दिया। सभी ने



एक से बढ़कर एक छंद को प्रस्तुत किया। जनाब मनशुर अली साहब ने –––श झूठी का अब गर्म बाज़ार आख़िर क्या करें श , मनोरमा जी ने –––श कुरबत की ऋतु सुहानी चाहिए मन की बगिया जाफरानी चाहिए श ; आभा जी ने ––– इंसानियत– खंडहरों का मैं क्या करूंगी ,

कातर रुदन की गुंज कब तक सुनूंगी ? ; मनीषा पाल जी ने ––

श बारिश की बूंदें अच्छी लगती हैं ;

श्री विनय जी ने –– श धरती जलती आग सी ; आलम जी ने –– श बेहया वे नक़ाब सड़कों पर , आ गई वे बेहिसाब सड़कों पर ; रुद्र प्रताप चतुर्वेदी जी ने ––श मृत्यु की शैय्या पर यह अंतिम क्षण है शांत है अब मन ; और अध्यक्षा श्रीमती सैयदा जी की –––ष चार दिन ज़िन्दगी का मज़ा लीजिए ष

मंच पर धूम मचा दिया। श्रीमती सैयदा आनोवरा खातून जी के मंच संचालन और श्री मनोहर मधुकर जी की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी की मनभावन शाम सफलता पूर्वक संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि आशीष कुमार जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका गरिमा और गौरव की अनुभूति करायी साथ ही सभी साहित्य सेवियों की रचनाएं सुनने का सुखद सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिए उन्होंने सैयदा आनोवरा खातून जी समेत उपस्थित सभी कवि कवयित्री को भी आभार प्रकट किया। श्रीमती सैयदा आनोवरा खातून जी ने भी सभी के प्रति आभार प्रकट किया आशीष कुमार जी को आभार प्रकट किया क्योंकि हिलेरी टाइम चौनल ने साहित्यकारों के नव सृजन को जन सामान्य तक अपने सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाने का प्रसंशनीय कार्य कर रहा है।

मनशुर अली साहब जी ने भी शहर समता महिला विश्वनाथ चारआलि असम इकाई की अध्यक्षा श्रीमती सैयदा आनोवरा खातून के प्रति तहेदिल से शुक्रिया अदा किया और कहा कि आप महिला समाज का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

साहित्यकारा मनोरमा श्रीवास्तव जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

पुनः समापन पर श्रीमती सैयदा आनोवरा खातून जी ने सभी साहित्यिक मित्रों को साधुवाद ज्ञापित किया।

## संभलहेड़ा के पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में किया गया गोष्ठी और पौधारोपण का आयोजन

मुजफ्फरनगर। विश्व पर्यावरण दिवस पर मित्र वेलफेयर सोसाइटी (रजिस्टर्ड), मुजफ्फरनगर द्वारा पंचमुखी महादेव शिव मंदिर संभलहेड़ा, मुजफ्फरनगर के परिसर में गोष्ठी तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेमिनार में बोलते हुए पंचायत राज विभाग उत्तर प्रदेश के स्टेट रिसोर्स पर्सन प्रमोद चौधरी ने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें उन्होंने कहा यदि हम कार्बन उत्सर्जन करने वाले कार्यों में कमी लाएं जैसे सोलर प्लांट का उपयोग और ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने वाले कार्यों जैसे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का काम करें तो आने वाली पीढ़ी सुरक्षित रह सकती है। सोसाइटी के अध्यक्ष डाव रजनीश कुमार ने कहा कि हमारे



आसपास का वातावरण ही हमारा पर्यावरण है हमे अपने आपको सहज रखने के लिए इसको ठीक रखने का दायित्व लेना होगा क्योंकि प्रयावरण हमारी सोच से जुड़ा हुवा विषय है। संस्था के महासचिव ईश जुनेजा ने कहा कि यदि हम प्लास्टिक का उपयोग कम करें, अधिक पेड़ लगाए, पानी का सदुपयोग करें और जो घरेलू कचरा है उसका उचित प्रबंधन करें तभी हम पर्यावरण मित्र कहलाएंगे और यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है।

सोसाइटी के उपाध्यक्ष राहुल बालियान ने कहा पेड़ और पौधे न केवल वायुमंडल में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाते हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन को भी नियंत्रित करने में मदद करते हैं अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना एक महत्वपूर्ण कदम है।

गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर रवि शर्मा ने किया तथा पंचमुखी महादेव मंदिर के प्रधान श्री कृष्ण पाल जी सत्येंद्र कुमार एवं अन्य कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखें। गोष्ठी में 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

गोष्ठी के बाद मंदिर के परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधा रोपण किया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आरेडिका में लगाए गये पौधे

रायबरेली। धुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05.06.2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान का प्रारम्भ किया। इसी कड़ी में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने आरेडिका के इको कम जोगर्स पार्क में महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ वृक्षारोपण किया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस–2025 की '''थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं '''' है प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग कम से कम करें, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पूर्णतः बचें, बाजार से सामान लाने हेतु कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग करें। हम अपने संसाधनों का संतुलित



एवं जिम्मेदारी के साथ उपयोग करे जिससे आने वाली पीढ़ियों को संसाधनों की कमी का सामना न करना पड़े।

'आरेडिका में पर्यावरण संरक्षण' के लिए तापीय विद्युत के स्थान पर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढाया जा रहा है आज आरेडिका में 4.08 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है, जो कुल उपभोग का लगभग 35 प्रतिशत है। गतवर्षों में आरेडिका में 332600 पौधों का तथा 120600 बीजों का रोपण किया गया। आरेडिका में जल संरक्षण के लिए 10 बोरवेल, 12 तालाबों एवे 29 वर्षा जल संचयन केन्द्र बनाए गये हैं, इनके द्वारा 631 मिलियन लीटर जल का प्रति वर्ष संचयन हो रहा है। आगे भविष्य में आरेडिका जितने जल का उपयोग करेगा उतना भूमि में रिचार्ज करने की योजना है। आरेडिका ग्लोबल वार्मिंग एवं कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानको के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा। इसी लिए आज आरेडिका की पहचान एक हरित परिसर के रूप में हो रही है। आरेडिका के प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, ने बताया कि आज पीपल, अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, चितवन, आदि के 900 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य अभियंता सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

प्रयागराज। बलराम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा संचालित सिटीजन गर्ल्स कॉलेज बलराम नगर नैनी( समवद्ध –प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज) में आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर विज्ञान – प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रशिक्षुओं



ने चंद्रयान–3, सक्रिय ज्वालामुखी, एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन, मानव संरचना का सक्रिय मॉडल, जल संचय, कोरोनावायरस, सोलर सिस्टम आदि को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से पधारे श्री विवेक त्रिपाठी जी ने छात्राओं को विज्ञान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यवहारिक दृष्टिकोण को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती उमा सिंह ने कहा कि आज के अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम प्रतिदिन के व्यवहार में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयास करें ,तभी हम आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित पर्यावरण सौंप सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मधुलिका सिंह में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम का संचालन और संयोजन श्रीमती अंजना गौर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य उमा लता पटेल ,डॉक्टर अंजुला तिवारी, अंजलि सैमुअल,सचिन श्रीवास्तव और फराज अहमद का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में अंजलि निषाद, श्वेता निषाद, अंकिता,शर्लिन, इकरा ,जूली, निधि, श्वेता यादव, नेहा, कशिश, वर्षा ,नंदिनी आदि छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।






## हरियाली लिखने लगी

(कुण्डलिया)

हरियाली लिखने लगी, मौसम का वह रंग।
रहकर जिसके संग वह, खुद हो गई प्रसंग।
खुद हो गई प्रसंग, बता बादल के किस्से।
सर्दी–गर्मी रूप,उमस के सारे हिस्से।
सुन लो कहें प्रदीप,झूमकर कहती डाली।
बरसेगा जब मेघ, हँसेगी फिर हरियाली।।

शहर कभी कहता नहीं, कहता केवल गाँव।
हरियाली खुद धूप पी, देती सबको छाँव।
देती सबको छाँव, न रखती कोई चाहत।
केवल बस बरसात, उसे देती है राहत।
सुन लो कहें प्रदीप,सुखी होंगे वहीं सभी।
जहाँ प्रकृति से प्रेम, दिखे चाहे कभी–कभी।।

**डॉ. प्रदीप चित्रांशी**
लूकरगंज, प्रयागराज

## वर्धमान में हुआ 200 कराटे खिलाड़ियों का सम्मान

देश को सुरक्षित करेंगे यह नन्हें सिपाहीः डॉ मुकेश जैन

मुजफ्फरनगर। विश्व ख्याति प्राप्त हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश जैन, डॉ नूतन जैन, डॉ अनुभव जैन, डॉ वन्दना जैन ने, संयुक्त रूप से इंटरनेशनल कराटे अकेडमी ऑफ इंडिया के डायरेक्टर कराटे किंग शिहान वेदप्रकाश शर्मा एवं मुख्य कराटे प्रशिक्षक सैनसाई अभिषेक शर्मा से प्रशिक्षित कड़ी मेहनत से बेल्ट परिक्षा पास कर सफलता हासिल करने वाले 200 कराटे खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सम्मान दिया डॉ मुकेश जैन ने कराटे खिलाड़ियों का जोरदार एवं दमदार प्रदर्शन देखकर जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कला को सीखने से जहाँ शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकास होता है वहीं इसके व्यायाम से बच्चों की हड्डियाँ मजबूत होती हैं और नन्हें सिपाही इस अद्भुत



कला को सीखकर अपनी एवं अपनी परिवार की रक्षा के साथ ही समय आने पर देश की रक्षा भी बाखूबी कर सकेंगें डॉ नूतन जैन और डॉ वंदना जैन ने तो इस कला को महिलाओं की आत्मरक्षा हेतु बहुत आवश्यक बताया उन्होंने 43 वर्षों से निरन्तर कराटे खेल को बढ़ावा और पहचान देकर देश का नाम विदेशों में रोशन करने वाले कराटे किंग वेदप्रकाश शर्मा को साधुवाद दिया तथा प्रशिक्षक अभिषेक शर्मा द्वारा पिता के कार्यों को जिम्मेदारी से आगे बढ़ाने पर पीट थपथपा कर आशीर्वाद दिया वर्धमान हस्पताल में हुए इस विशाल सम्मान समारोह कार्यक्रम में आर्यपुरी अकेडमी के साथ ही गांधी कालोनी, द्वारिका सिटी,न्यू मण्डी ब्रांच के 200 खिलाड़ियों ने जैपनीज काता तकनीक का सफ़ल प्रदर्शन कर येलो,ऑरेज, ग्रीन, पर्पल, ब्राउन बेल्ट परिक्षा पास कर जीत हासिल की वहीं कम उम्र के खिलाड़ियों ने भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ ही ब्लैक बेल्ट की कड़ी परीक्षा पास कर मार्शल आट्र्स कराटे के ऐ ग्रेड खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज कराया इस विशाल सम्मान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कराटे एसोसिएशन ऑफ मुज़फ्फ़रनगर के अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेन्द्र गोयल, डॉ रिचा गर्ग,वीना शर्मा, आदि मौजूद रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 09/2025 — दिनांकः 03.06.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा | ई.म.डी.रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 19256349 | ट्रैक गाइड फॉर बी डब्लू टी बी टाइप वैगन | 1000 नग | 1,06,200 |

निविदा खुलने की तिथिः- 01.07.2025, नोटः- 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा विवरण-IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।, 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारुप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें।, 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा।, 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https:// www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 976/25 (D)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

# सम्पादकीय.......

## जीवन बदले साक्षरता

निस्संदेह, भारत की साक्षरता का प्रतिशत करीब 81 फीसदी होना एक सराहनीय उपलब्धि व मील का पत्थर ही है। देश की आजादी के वक्त की साक्षरता स्थिति से इसकी तुलना करें तो इसे उपलब्धि की तौर पर देखा जाना चाहिए। किसी समाज में साक्षरता का स्तर उसकी प्रगति का आईना ही होता है। ये आंकड़े हमारे समाज की शिक्षा तक पहुंच में निरंतरता का पर्याय भी हैं। हालांकि, 2023–24 के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण यानी पीएलएफएस के आंकड़ों से यह भी उजागर होता है कि सार्वभौमिक साक्षरता की ओर राष्ट्र का यह कदम निरंतर कई असमानताओं से भी बाधित है। खासतौर पर यह भेद लिंग और क्षेत्रीय आधार पर नजर आता है। उदाहरण के लिए देखें तो शहरी क्षेत्रों में साक्षरता की दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। जिसका मुख्य कारण शहर केंद्रित विकास को तरजीह व शिक्षा के लिये अनुकूल परिस्थितियों का होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि शहरी भारत में साक्षरता की दर 88.9 है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह 77.5 फीसदी ही हो पायी है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में प्रतिध्वनित यह शहरी व ग्रामीण साक्षरता का अंतर शिक्षा के बुनियादी ढांचे, योग्य शिक्षकों की उपलब्धता और सीखने के अवसरों में असमानता को ही दर्शाता है। कमोबेश इसी प्रकार देश के विभिन्न राज्यों में लैंगिक असमानताएं भी नजर आती हैं। यह विडंबना की कही जाएगी कि कई राज्यों में लड़कियों की शिक्षा पर दशकों से नीतिगत स्तर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद पुरुष साक्षरता महिला साक्षरता के मुकाबले कहीं आगे नजर आती है। निश्चित रूप से इसके मूल में सामाजिक रूढ़ियां, सामाजिक चेतना का अभाव व आर्थिक विकास की विसंगतियां निहित हैं। जिसके चलते लड़कियों को शिक्षा के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते। जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्कूलों की दूरी और आवागमन की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न हो पाना भी महिला शिक्षा के प्रतिशत में गिरावट का कारक बनती है। इन तमाम कारणों को नये सिरे से संबोधित करने की जरूरत है। लेकिन वहीं कुछ राज्यों में लक्ष्यों पर केंद्रित अभियानों व शासन–प्रशासन की सक्रियता के सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। लक्षद्वीप, दिल्ली, तमिलनाडु और त्रिपुरा के परिणाम दर्शाते हैं कि जब शासन की सक्रियता, लोगों की पहुंच और सामुदायिक जुड़ाव एक साथ आते हैं तो कुछ भी संभव है। दरअसल, आर्थिक विसंगतियों से जूझते व सामाजिक व आर्थिक सुधारों को अमल में न ला सकने वाले राज्य साक्षरता के लक्ष्य राष्ट्रीय अनुपात में नहीं प्राप्त कर सके। सबसे कम साक्षरता दर वाले बिहार की स्थिति गरीबी,अपर्याप्त स्कूली शिक्षा, सांस्कृतिक कारकों व शिक्षा की राह में बाधा डालने वाली सामाजिक बाधाओं के जटिल अंतर्संबंध को रेखांकित करती है। यहां इन उत्साहजनक आंकड़ों के बावजूद कई सवाल हमारे सामने पैदा होते हैं। प्रश्न यह भी है कि हम किस तरह की साक्षरता विकसित कर रहे हैं? क्या शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की है कि वो लोगों के जीवन में व्यापक बदलावों का कारक बन सके? बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है पड़ताल इस बात की भी की जानी चाहिए कि साक्षरता क्या वास्तव में प्रगतिशील सोच, नागरिक दायित्वों और आर्थिक जीवन में सार्थक रूप से भाग लेने की क्षमता विकसित करती है? इन हालिया आंकड़ों में जो शामिल नहीं हो सके हैं, खासकर हाशिये पर गए समुदाय, उन्हें साक्षरता की सफलता से जोड़ना हमारा प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। जरूरत इस बात की भी है कि स्कूली शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो, शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिले, उनकी डिजिटल शिक्षा तक भी पहुंच हो तथा शिक्षा में निवेश बढ़ाया जाये। आवश्यकता यह भी है कि नई शिक्षा नीति के ही अनुरूप प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि वयस्क साक्षरता अभियानों को प्राथमिकता दी जाए। खासकर आर्थिक रूप से पिछड़े व संसाधनों के अभाव वाले राज्यों में। इस दिशा में हमारे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब शासन–प्रशासन के प्रयासों के साथ सामुदायिक स्तर पर बड़ी कोशिश की जाए।

# चिड़ियाघर पर भी निजी क्षेत्र का कब्जा!

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*जानवरों को खुले जंगल जैसी आजादी देने की भी योजना है ताकि वे अपनी प्राकृतिक प्रवृत्ति के अनुसार जीवन बिता सकें। जानवरों को बेहतर परिस्थितियों में रखना, उनके इलाज की उत्कृष्ट व्यवस्था और लुप्तप्राय प्राणियों के संरक्षण का प्रयास, यह सब सुनने में काफी अच्छा लगता है।*

खबर है कि दिल्ली चिड़ियाघर को जल्द ही निजी हाथों के जिम्मे सौंपा जा सकता है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के बीच इस संदर्भ में कई बैठकें हो चुकी हैं, जिसमें गुजरात के जामनगर में स्थित वनतारा परियोजना की तर्ज पर दिल्ली चिड़ियाघर को आधुनिक रूप देने की योजना पर चर्चा हुई है। नई योजना के तहत चिड़ियाघर में वन्यजीवों को उनकी प्राकृतिक जीवनशैली के करीब वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिनमें वातानुकूलित चिकित्सा केंद्र, आधुनिक पुनर्वास केंद्र आदि शामिल होंगे। जानवरों को खुले जंगल जैसी आजादी देने की भी योजना है ताकि वे अपनी प्राकृतिक प्रवृत्ति के अनुसार जीवन बिता सकें। जानवरों को बेहतर परिस्थितियों में रखना, उनके इलाज की उत्कृष्ट व्यवस्था और लुप्तप्राय प्राणियों के संरक्षण का प्रयास, यह सब सुनने में काफी अच्छा लगता है। मगर गौर करें तो इसमें निजीकरण का बड़ा षड्यंत्र दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 214 एकड़ में फैला दिल्ली चिड़ियाघर एशिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में से एक है। यहां अलग–अलग महाद्वीपों से लाए गए पशु– पक्षियों की लगभग 22 हजार प्रजातियां और 200 प्रकार के पेड़ हैं। एक पुस्तकालय भी है, जहां वन्यजीव, जैव विविधता आदि पर ढेरों पुस्तकें हैं। कहने का आशय यह कि इतने उम्दा चिड़ियाघर को और बेहतर बनाने की मंशा अगर सरकार की है तो उसके लिए दीर्घकालिक योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से उसे लागू किया जा सकता है। अब तक जिस तरह वन्य जनजीवन पर पूरी तरह सरकार का नियंत्रण रखकर संरक्षण–संवर्धन किया जाता रहा है, वही सिलसिला जारी रखने में आखिर अब क्यों अड़चन आ रही है, क्यों चिड़ियाघर के आधुनिकीकरण के नाम पर निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खोले जा रहे हैं। इसका जवाब सरकार अच्छे से जानती है, लेकिन शायद कार्पोरेट पूंजी का दबाव इतना बढ़ चुका है कि अब सरकार के लिए किसी भी बात पर ना कहना संभव नहीं रहा। पूंजीवाद का मुंह सुरसा की तरह बढ़ता जा रहा है और इसमें जितने भी निवाले चले जाएं, सब कम ही पड़ेंगे। तीन–चार दशक पहले जब बोतलबंद पानी की बिक्री शुरु हुई तो सवाल उठे थे कि प्रकृति की इस अनुपम देन पर सौदेबाजी कैसे की जा सकती है, क्या कल को हवा भी बिकेगी। और देखिए कि अब पानी भी बिकता है, प्राणवायु यानी ऑक्सीजन भी बिकती है, इसे न्यू नॉर्मल मान लिया गया है। छत्तीसगढ़ में नदी और तालाब बिकते सबने देखा है। निजीकरण का दायरा बढ़ता गया तो विमानतल, रेलवे, दूरसंचार, खनिज संपदा से भरी खदानें, बंदरगाह, सब बिक गए। शिक्षा और स्वास्थ्य तो पहले ही निजी हाथों के हवाले हो चुके हैं। एक तरह से देखा जाए तो मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं, बुनियादी सुविधाओं से लेकर जीवन को बेहतर बनाने वाले हर क्षेत्र में व्यापार का शिकंजा कस गया। यह सब अकेले कारोबारियों के बस की बात नहीं थी, अगर ऐसा तो पुराने जमाने में सेठ–साहूकार ही सरकार चलाते। लेकिन जब तक लोकतंत्र और सत्ता का इकबाल बुलंद था, तब तक कारोबारियों, उद्योगपतियों को मुनाफाखोरी की खुली छूट नहीं मिली थी। उन्हें अपनी पीठ पर हाथ रखने की इजाजत न किसी प्रधानमंत्री ने दी, न किसी मुख्यमंत्री ने दी। लेकिन अब यह सब पूरी निर्लज्जता के साथ होता है। अब सरकारी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का भूमिपूजन या शिलान्यास प्रधानमंत्री करते हैं, और जनता को बताते हैं कि आपको सौगात दे रहा हूं। उसके बाद वह बना या नहीं बना, इसकी चर्चा नहीं होती। सौगात सरकारी फाइलों में बंद हो जाती है। लेकिन निजी अस्पतालों, शिक्षा संस्थानों का उद्घाटन प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों के हाथ होता है और समाज सवाल भी नहीं करता कि इनकी मुनाफाखोरी में आप हिस्सेदार हैं या नहीं, क्योंकि आखिर उसे पढ़ने, इलाज करने, आवागमन, वार्तालाप करने सबके लिए निजी क्षेत्रों पर निर्भर रहने की मजबूरी हो गई है। जबकि इन बुनियादी सुविधाओं के लिए वह भारी शुल्क अदा करता है और सरकार को कर चुकाता है, वह अलग। जब इंसानी जिंदगी के नाम पर इतना मुनाफा निजी क्षेत्र कमा रहे हैं, तो फिर जल, जंगल, जमीन, जानवर क्यों बख्शे जाएं। लिहाजा अब दिल्ली चिड़ियाघर के निजीकरण की सुगबुगाहट चल रही है। अगर यह योजना वाकई सफल हो जाती है, तो दिल्ली के पुराना किले के पास की इतनी बड़ी जमीन पर मनमाने खेल करने की छूट उस कंपनी को मिल जाएगी, जिसके पास चिड़ियाघर का मालिकाना हक हो जाएगा। जामनगर में बना वनतारा बनने की हकीकत तो देश देख ही चुका है। खुद प्रधानमंत्री उसका उद्घाटन कर आए। प्राणिविशेषज्ञ सवाल करते रह गए कि किस तरह दुनिया भर के वन्यजीवों को इस तरह लाने और निजी जंगल में पालने की अनुमति दी गई। बीमार जानवरों की देखभाल की आड़ में अगर कोई अवैध कारोबार हो रहा होगा, तो उसकी जवाबदेही कैसे तय होगी, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। जानवरों की खाल, नाखून, सींगों समेत उनके अंदरूनी अंगों की वैश्विक बाजार में बड़ी मांग है। दवा, वस्त्र, सौंदर्यप्रसाधन आदि में इनका इस्तेमाल होता है। ऐसे में क्या गारंटी है कि पशु संरक्षण की आड़ में अवैध कारोबार नहीं होता, न आगे होगा। वनतारा के प्रचार के लिए प्रधानमंत्री पहुंचे तो फिल्म, खेल और मीडिया जगत के तथाकथित सितारों ने भी इसकी तारीफ की।

# पहली बार हो रहा सेना का निर्लज्ज इस्तेमाल

**अनिल जैन**

जम्मू–कश्मीर के कारगिल में भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में मई से जुलाई के बीच तीन महीने तक सैन्य संघर्ष चला था, जिसमें भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना को अपनी जमीन से खदेड़ने में कामयाब रही थी। उससे पहले केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार गिर चुकी थी, जिसकी वजह से लोकसभा के मध्यावधि चुनाव होने वाले थे। भारतीय जनता पार्टी के उत्साही कार्यकर्ताओं ने चुनाव के मद्देनजर कारगिल की लड़ाई में भारतीय सेना की कामयाबी को वाजपेयी सरकार की उपलब्धि के तौर पर प्रचारित करने के लिए दिल्ली में कुछ स्थानों पर पोस्टर लगाए थे, जिनमें वाजपेयी के साथ ही भारत के तीनों सेना प्रमुखों को भी दिखाया गया था। भारत के पूर्व थल सेनाध्यक्ष वेद प्रकाश मलिक ने अपनी किताब कारगिल फ्रॉम सरप्राइज टु विक्ट्रीश में खुलासा किया है कि उन्हें जब ऐसे पोस्टरों की जानकारी मिली तो उन्होंने इस बारे में प्रधानमंत्री वाजपेयी से शिकायत की और कहा कि यह नहीं होना चाहिए। वाजपेयी ने उन्हें आश्वासन दिया कि ऐसा नहीं होगा और फिर वाकई ऐसा नहीं हुआ। इससे पहले भी पाकिस्तान को भारतीय सेना 1965 और 1971 के युद्ध में धूल चटा चुकी थी। यही नहीं, बहुत कम लोगों को जानकारी है कि भारत का चीन के साथ 1962 के बाद 1967 में एक सीमित युद्ध भी सिक्किम के सीमांत में हुआ था, जिसमें भारतीय सेना ने अपने पराक्रम से चीन को उसकी सीमा में धकेलने में कामयाबी हासिल की थी। तब भी सेना की इस कामयाबी का तत्कालीन सरकारों ने चुनावों में कभी भी राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया। इसके अलावा पिछले 27 वर्षों के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 मर्तबा सर्जिकल स्ट्राइक की है, जिनमें से 9 सर्जिकल स्ट्राइक 2014 के पहले तक और दो बार 2014 के बाद हुई। 2014 के पहले तक किसी भी सरकार ने भारतीय सेना के पराक्रम का चुनावी इस्तेमाल नहीं किया। इधर पिछले एक दशक से सरकार ने सेना की हर कार्रवाई को अपने राजनीतिक कार्यक्रम का हिस्सा और सेना को प्रकारांतर से सत्तारूढ़ दल का एक मोर्चा संगठन जैसा मान लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी हर चुनाव में सेना के नाम का खुलकर इस्तेमाल करती है, उसके किसी भी कारनामे को अपनी उपलब्धि बता कर वोट मांगती है। चुनावी रैलियों के मंच पर लगे बैनर–पोस्टरों में प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ सैन्य प्रतीकों का इस्तेमाल किया जाता है। यही नहीं, कभी–कभी तो सरकार की ओर से सेना के अफसरों को भी अपने प्रवक्ता की तरह काम करने के लिए मजबूर कर दिया जाता है। चूंकि चुनाव आयोग का चरित्र भी अब पूरी तरह बदल चुका है, लिहाजा वह भी यह सब खामोश रहकर देखता रहता है। मीडिया पूरी तरह सरकार और सत्तारूढ़ दल के प्रचार तंत्र का हिस्सा बन चुका है, इसलिए वह सेना के इस बेजा इस्तेमाल पर कोई सवाल नहीं उठाता। न्यायपालिका का रवैया भी इस मामले में कमोबेश चुनाव आयोग और मीडिया जैसा ही रहता है। कुल मिलाकर कोई भी सक्षम संवैधानिक संस्था सेना के इस तरह राजनीतिकरण किए जाने की कोशिशों के खतरों को समझते हुए उन कोशिशों पर अंकुश लगाने की अपनी भूमिका निभाती नहीं दिखती। इस समय भी यही सब कुछ हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि कश्मीर के पहलगाम में हुए पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के संरक्षण में आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना ने एक बार फिर अपने पराक्रम का सटीक प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान में उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को नष्ट करने किया है। लेकिन लक्ष्य पूरा होने से पहले ही भारतीय सेना की कार्रवाई अचानक क्यों और किसके दबाव में रोक दी गई, इस सवाल का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। यह सवाल विपक्षी दलों के अलावा, भारतीय सेना के कई पूर्व अधिकारी, सामरिक मामलों के जानकार, वैकल्पिक मीडिया के पत्रकार और सोशल मीडिया में आम लोग भी पूछ रहे हैं। यह सवाल उन हलकों को भी बेचैन और निराश किए हुए हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा और उसमें भी विशेष रूप से पाकिस्तान से जुड़े मसले पर हमेशा सत्ताधारी राजनीतिक समूह के नजरिये से इत्तफाक रखते हैं। साथ ही नरेंद्र मोदी को भारत का ही नहीं बल्कि समूचे विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय, दूरदर्शी और शक्तिशाली नेता मानते हैं। युद्ध छोटा हो या बड़ा, दोनों पक्षों को कुछ न कुछ नुकसान उठाना ही पड़ता है और दोनों पक्ष एक दूसरे को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा भी करते हैं। इसलिए पाकिस्तान का यह दावा करना स्वाभाविक है कि उसने भारत के कई लड़ाकू विमानों नुकसान पहुंचाया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत के साथ सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान में लोगों ने जश्न मनाया है और 1962 के भारत–चीन युद्ध के बाद यह भी पहली बार हुआ है कि पाकिस्तानी सैन्य प्रतिक्रिया का भारतीय सेना द्वारा बहादुरी से जवाब देने के बावजूद भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के चौथे दिन दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम का सबसे पहले ऐलान करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब तक 11 मर्तबा यह दावा कर चुके हैं कि दोनों देशों को उन्होंने ही संघर्ष विराम के लिए मजबूर किया ताकि परमाणु युद्ध को टाला जा सके। वे कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कह चुके हैं, जो कि भारत की स्थापित और सुविचारित विदेश नीति के खिलाफ है। प्रधानमंत्री मोदी इन सारे सवालों का जवाब देने के बजाय सेना की आड़ में छिपते दिख रहे हैं। सत्ताधारी पार्टी और उससे जुड़े अन्य संगठन देश भर में सैन्य वर्दी में प्रधानमंत्री की तस्वीरों वाले पोस्टर और होर्डिंग्स के जरिये पाकिस्तान को सबक सिखाने का प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, सेना के जरिये भी झूठे वीडियो जारी कराए जा रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री देश भर में रैलियों के माध्यम से च्घर में घुस कर मारूंगा, ठोंक दूंगा, मिट्टी में मिला दूंगा, रोटी खाओ और चौन से रहो, नहीं तो मेरी गोली खाओ जैसे सस्ते फिल्मी डॉयलॉगों के जरिये लोगों को बहलाने का प्रयास कर रहे हैं। हर जगह एक जैसी भाषा और एक जैसा चिंघाड़ता हुआ अंदाज। दरअसल प्रधानमंत्री के पास सवालों के जवाब नहीं हैं, इसलिए उनकी सरकार के किसी मंत्री या सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं के पास भी जवाब होने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए उनकी पार्टी के प्रवक्ता टीवी चौनलों की डिबेट में विपक्षी पार्टी के प्रवक्ताओं को उनके सवालों का जवाब देने के बजाय मां–बहन की गालियां दे रहे हैं और चौनल के एंकर–एंकरनियां उन्हें गालियां देते देख मुदित होते हुए देख रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर का राजनीतिकरण करते हुए सत्तारूढ़ दल की योजना तो देश भर में महिलाओं के लिए घर–घर सिंदूर पहुंचाने की भी थी। उसके प्रवत्ताओं की ओर से टीवी चौनलों पर बाकायदा इसका औचित्य भी बताया जा रहा था, लेकिन इस मामले को लेकर सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री के निजी जीवन पर उठते तीखें सवालों ने सत्तारूढ पार्टी को इस योजना पर अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर कर दिया। मोदी की हताशा इस बात से भी समझी जा सकती है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मलिन हो चुकी छवि को चमकाने के लिए उन्हें कांग्रेस के उसी नेता यानी शशि थरूर का सहारा लेना पड़ा जिसे नीचा दिखाने के लिए उन्होंने एक बार उनकी पत्नी को श्पचास करोड़ की गर्ल फ्रेंडश बताने जैसा भद्दा फिकरा कसा था और उन्हीं शशि थरूर ने मोदी को शशिवलिंग से लिपटा बिच्छूश

# आतंकवादविरोधी राष्ट्रीय सर्वानुमति कौन तोड़ रहा है?

**राजेन्द्र शर्मा**

पहलगाम की दरिंदगी और उसके बाद के घटनाक्रम पर, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर भी शामिल है, राष्ट्रीय सर्वानुमति की मियाद पूरी हो गयी लगती है। और यह विपक्ष के बावजूद और मुख्य रूप से सत्ताधारी संघ–भाजपा की, इस घटनाक्रम से उठी देश की चिंताओं व भावनाओं को, अपने राजनीतिक/चुनावी लाभ के लिए भुनाने की हड़बड़ी की वजह से हो रहा है। और इस मुहिम का नेतृत्व सबसे बढ़कर खुद प्रधानमंत्री मोदी और उनके नंबर–दो माने जाने अमित शाह और भाजपा के अन्य सभी शीर्ष नेता कर रहे हैं। यह सिलसिला उस मुकाम पर पहुंच चुका है, जहां स्वयं प्रधानमंत्री की सभा में, श्अब ऑपरेशन सिंदूर की तरह प. बंगाल में ऑपरेशन बंगाल चलानेश के आह्वान किए जा रहे हैं! कहने की जरूरत नहीं है कि यह आह्वान प. बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए किया जा रहा था, जो अगले साल के शुरू के महीनों में होने हैं। तभी असम, केरल, तमिलनाडु तथा पुदुच्चेरी की विधानसभाओं के भी चुनाव होने हैं। इसी बीच, बिहार में जहां चुनाव अब कुछ ही महीने दूर रह गए हैं, खुद प्रधानमंत्री ने अपनी व्यावहारिक मायनों में चुनावी सभाओं में याद दिलाना जरूरी समझा है कि पहलगाम के बाद बिहार की धरती पर उन्होंने जो आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का वादा किया था, उसे उन्होंने पूरा कर दिया है! जाहिर है कि पहलगाम की दरिंदगी के बाद उठे आतंकवादी–विरोधी भावनाओं के ज्वार और श्ऑपरेशन सिंदूरश की कामयाबी के दावों को, अपने चुनावी राजनीति के थैले में बंद करने की मोदीशाही की हड़बड़ी ही है जो, राष्ट्रीय सर्वानुमति के टुकड़े करने पर आमादा है। वास्तव में, पहलगाम की घटना के बाद से सामने आयी राष्ट्रीय सर्वानुमति में और खासतौर पर इस सर्वानुमति में विपक्ष की हिस्सेदारी में, एक प्रकार का इकतरफापन शुरूआत से ही था। एक ओर लगभग समूचे विपक्ष ने न सिर्फ पहलगाम की दरिंदगी की दो–टूक स्वर में निंदा की थी, आतंकवादियों तथा उनके आकाओं के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के लिए भी आम तौर पर अपने समर्थन का ऐलान किया था। इसमें श्ऑपरेशन सिंदूरश का आमतौर पर समर्थन भी शामिल था। यह समर्थन, पहले पहलगाम की घटना के तीसरे दिन और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में बुलायी गयी, सर्वदलीय बैठकों के मंच से किया गया था। यहां तक कि बाद में इस समर्थन का अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विस्तार करते हुए, विपक्ष ने सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्हें आतंकवाद तथा उसके लिए पाकिस्तान के समर्थन के मुद्दे पर भी भारत का पक्ष रखने के लिए, करीब तीन दर्जन देशों की राजधानियों में भेजा गया है, जो कार्यक्रम इन पंक्तियों के लिखे जाने तक भी चल ही रहा था। इतना ही नहीं, इस इकतरफापन को और भी गहरे रंग में रंगते हुए, विपक्ष ने आम तौर पर सत्ताधारियों से असुविधाजनक सवाल करने से भी परहेज किया था। मिसाल के तौर पर पहलगाम की घटना के पीछे सुरक्षा चूक के लिए जवाबदेही का सवाल गंभीरता से उठाने से प्रायरू परहेज किया गया। यह इसके बावजूद था कि हालात के दबाव में, सर्वदलीय बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता के रूप में मंत्री किरण रिजिजू ने खुद कुछ चूक होने की बात स्वीकार की थी, हालांकि बाद में सरकार ने इस स्वीकृति से पीछा छुड़ाने की तमाम कोशिशें की थीं। यहां तक कि सर्वदलीय बैठक से प्रधानमंत्री के अनुपस्थित रहने और बाद में बिहार में मधुबनी में जनसभा में पहुंचकर प्रधानमंत्री के मिट्टी में मिलाने के ऐलान करने पर भी, गंभीरता से सवाल उठाने से आम तौर पर बचा ही गया। ऐसा ही एक बार फिर हुआ जब ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में हुई सर्वदलीय बैठक में, एक बार फिर प्रधानमंत्री ने अनुपस्थित रहना ही पसंद किया। इतना ही नहीं, न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर से लेकर उसकी सफलता के दावों तक पर किसी भी तरह के गंभीर सवालों से आम तौर पर बचा गया बल्कि 10 मई की शाम से अचानक शस्त्र विराम किए जाने के तर्क और यहां तक शस्त्र विराम कराने के श्रेय के लिए अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार–बार दोहराए जा रहे दावों पर, सवाल उठाने से भी प्रायः इसकी चिंता से बचा गया कि इससे कहीं राष्ट्रीय सर्वानुमति कमजोर न पड़ जाए। और तो और विदेश भेजे जाने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के लिए सत्ताधारी पार्टियों से इतर, अन्य पार्टियों के सांसदों के चयन में मोदीशाही की मनमानी पर भी कोई बलपूर्वक विरोध नहीं जताया गया। यह इसके बावजूद था कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, कांग्रेस से चार नाम मांगने के बाद, उसके दिए नामों में से एक प्रतिनिधि के लिए ही मंजूरी दी गयी, जबकि प्रतिनिधिमंडलों के लिए उसके तीन अन्य नेता सत्ताधारी पार्टी ने खुद ही चुन लिए। बहरहाल, हद तो तब हो गयी जब मोदीशाही ने आतंकवाद के विरुद्ध जनाक्रोश को अपने राजनीतिक/चुनावी प्रचार की ओर मोड़ने की खुल्लमखुल्ला कोशिशें शुरू कर दीं। शीर्ष पर खुद प्रधानमंत्री मोदी ने, बीकानेर के सरकारी कार्यक्रम के अपने चुनावनुमा भाषण से इसकी शुरूआत कर दी, जिसे उसके फौरन बाद गुजरात में प्रधानमंत्री के ही रोड शो तथा आम सभाओं के जरिए, भाजपा के और भी खुले राजनीतिक प्रचार के साथ सीधे–सीधे जोड़ दिया गया। और उसके बाद से इसे इस तरह के आयोजनों का आम स्वर ही बनाया जा चुका है। इसी दौरान, संघ–भाजपा ने सैन्य पोशाकों में विभिन्न मुद्राओं में प्रधानमंत्री मोदी के बड़े–बड़े कटआउटों तथा बैनरों आदि के जरिए, आतंकवादविरोधी कार्रवाई को प्रधानमंत्री श्मोदी की निजी वीरताश के मिथक का हिस्सा बनाने की कोशिशें की हैं। इसी सिलसिले को शीर्ष तक पहुंचाने के लिए, संघ–भाजपा ने मोदी सरकार के स्थापना दिवस, 7 जून से ऑपरेशन सिंदूर का संदेश घर–घर ले जाने के लिए, घर–घर सिंदूर अभियान की कल्पना की थी, लेकिन इसकी संभावित प्रतिक्रियाओं का पूर्वानुमान कर, इसे फेक न्यूज ही बताकर, जल्दी–जल्दी में इस विचार से ही पीछा छुड़ाने की कोशिश की गयी है। यहां यह ध्यान दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि घर–घर सिंदूर के ख्याल से पीछा छुड़ाने की हड़बड़ी के पीछे भी कोई इसकी चिंता नहीं थी कि इस तरह ऑपरेशन सिंदूर को संघ–भाजपा के राजनीतिक प्रचार का हिस्सा बनाए जाने का, इस पूरे दौर में सामने आयी राष्ट्रीय सर्वानुमति पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस ख्याल से पीछा छुड़ाने के पीछे तो सिर्फ इसी की चिंता थी कि श्सिंदूर दानश के सांस्कृतिक प्रतीक के संदर्भ में, घर–घर सिंदूर भेजना उल्टा पड़ सकता था। बहरहाल, घर–घर सिंदूर योजना भले खटाई में पड़ गयी हो, पहलगाम और उसके बाद के घटनाक्रम का क्षुद्र राजनीतिकरण अब मुकम्मल हो चुका है। इसी पृष्ठभूमि में इंडिया गठबंधन के माध्यम से विपक्ष अगर अब, इस पूरे घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए, संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की आग्रहपूर्वक मांग करना जरूरी समझ रहा है, तो यह न सिर्फ बहुत ही जरूरी है बल्कि वास्तव में कुछ देरी से ही आ रही मांग है। याद रहे कि पहलगाम की घटना के लिए जिम्मेदार सुरक्षा चूक से लेकर, ऑपरेशन सिंदूर के हानि–लाभ तक, तमाम सवाल अब तक अनुत्तरित ही बने हुए हैं।



# बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार अक्षय की भांजी, अखबार में छपी तस्वीर देख बोले एक्टर- अपने बच्चे की फोटो देखने से बड़ी कोई खुशी नहीं

सुपरस्टार अक्षय कुमार का बॉलीवुड इंडस्ट्री में काफी दबदबा है। उन्होंने हमेशा अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीता है। वहीं, अब अक्षय की फैमिली से एक और सदस्य इंडस्ट्री में डेब्यू करने को तैयार है। यह कोई और नहीं, बल्कि उनकी भांजी सिमर भाटिया है, जो एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। सिमर भाटिया, श्रीराम राघवन की निर्देशित फिल्म इक्कीस से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। इसमें वह अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। वहीं, भांजी के एक्टिंग डेब्यू से पहले उनके मामा और एक्टर अक्षय कुमार भावुक नजर आए। दरअसल, बॉम्बे टाइम्स ने साल 2025 में डेब्यू करने वाले स्टार्स पर एक लेख छापा। इसमें अक्षय की भांजी सिमर का नाम और उनकी एक खूबसूरत तस्वीर भी छपी है। एक्टर ने इसकी तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की और साथ ही एक दिल जीतने वाला नोट लिखा। अक्की ने लिखा, जब मैंने पहली बार अखबार के कवर पेज पर अपनी तस्वीर देखी तो मुझे लगा कि यही सबसे बड़ी खुशी की बात है। लेकिन आज मुझे इस बात का अंदाजा लगा कि अपने बच्चे की तस्वीर को देखने से बड़ी कोई खुशी नहीं हो सकती है। अगर आज मेरी मां होती तो कहती कि सिमर पुत्तर तू तो कमाल है। सिमर को बधाई देते हुए एक्टर ने आगे लिखा, तुम्हें आशीर्वाद बेटा। बुलंदिया छूने के लिए पूरा आसमान तुम्हारा ही है। सिमर भाटिया ने भी अपने मामू की स्टोरी को री–पोस्ट किया है। बता दें, सिमर भाटिया, क्षय कुमार की बहन अल्का भाटिया की बेटी है। अल्का की पहली शादी से उनकी बेटी सिमर का जन्म हुआ, लेकिन बाद में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद अक्षय कुमार की बहन ने साल 2012 में बिजनेसमैन सुरेंद्र हीरनंदानी से दूसरी शादी की।

# हिना खान के बाद अब इस फेमस सिंगर को भी हुआ ब्रेस्ट कैंसर, खुलासा कर बोलीं– मेरा दिल टूट जाता है..





देश–दुनिया में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक कई फेमस सेलिब्रेटीज भी इस गंभीर बीमारी का शिकार हो चुके हैं। पिछले साल जहां हिना खान ने अपने ब्रेस्ट कैंसर से जूझने का खुलासा किया था। वहीं, हाल ही में टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने भी बताया के उन्हें लिवर 2 कैंसर है। इसी बीच खुलासा हुआ है कि एक और पॉपुलर सिंगर ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो गई हैं। उन्होंने खुद ही बात की जानकारी दी है। सिंगर जेसी जे ने बताया है कि उनको अप्रैल में उनके 'नो सीक्रेट्स' ट्रैक से पहले ही कैंसर के बारे में पता चला है और जल्द ही उनकी सर्जरी भी होने वाली है। जेसी जे के नाम से फेमस सिंगर जेसिका एलेन कोर्निश ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनको शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। अप्रैल में उनका ट्रैक 'नो सीक्रेट्स' आया था और उससे पहले उन्हें अपनी बीमारी के बारे में पता चल गया था। उन्होंने आगे लिखा, 'नो सीक्रेट्स के आने से पहले ही मुझे ब्रेस्ट कैंसर का पता चल गया था। मैं इस शब्द को जल्दी ही उजागर कर रही हूं। कैंसर किसी भी रूप में बुरा होता है, लेकिन मैं इस शब्द को जल्दी ही पकड़े हुए हूं। ट्रैक के रिलीज के बाद से वो टेस्ट से गुजर रही हैं और अपने सपोर्टर्स के साथ अपनी यात्रा के बारे में वीडियो शेयर करना चाहती थीं।' जेसी ने आगे और बताया है कि उनकी जल्द ही सर्जरी होनी है और 15 जून को लंदन में समरटाइम बॉल में परफॉर्मेंस के बाद उनकी सर्जरी होगी। अपने कैंसर के बारे में बताने के अलावा सिंगर जेसी जे ने आगे अपने फैंस से कहा, 'यह जानकर मेरा दिल टूट जाता है कि इतने सारे लोग ऐसी ही और इससे भी बदतर हालातों से गुजर रहे हैं। यही वो बात है जो मुझे परेशान करती है।'

# आरसीबी की जीत के जश्न के बीच अनुष्का की घड़ी ने लूट ली लाइमलाइट, महंगी जींस के भी हो रहे चर्चे



आरसीबी 2025 की जीत क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद खास रही। जीत के इस जश्न में जब विराट कोहली की पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा स्टेडियम में पहुंचीं, तो उनकी स्टाइल और फैशन सेंस ने हर किसी का ध्यान खींचा। उनकी 27,000 का राइनस्टोन जींस और महंगी रोलेक्स घड़ी के हर तरफ चर्चे हो रहे हैं। अनुष्का ने जो जींस पहनी थी, वह राइनस्टोन से सजी हुई थी। इस जींस की कीमत है ध27,000 (लगभग न्$ 325)। यह जींस एक हाई–एंड फैशन ब्रांड की है, जो खासतौर पर स्टार्स के बीच लोकप्रिय है। चमचमाती राइनस्टोन डिटेलिंग ने स्टेडियम की लाइट में उनकी लुक को और भी ग्लैमरस बना दिया। राइनस्टोन जींस आम जींस से हटकर होती है– ये पार्टी वियर की तरह दिखती है और कैमरे की फ्लैश लाइट में बहुत ज्यादा चमकती है, जो सेलिब्रिटी लुक के लिए परफेक्ट है। अनुष्का शर्मा ने इस मौके पर जो घड़ी पहनी थी, वह थी रोलेक्स डायटन जो दुनिया की सबसे प्रीमियम घड़ियों में से एक मानी जाती है। इसकी कीमत लगभग 27 से 35 लाख रुपये के बीच बताई जा रही है, मॉडल और डिजाइन पर निर्भर करता है। घड़ी में गोल्ड डायल, क्रोनोग्राफ डिटेलिंग, और शानदार बेल्ट फिनिश था, जो पूरी लुक में रॉयल टच जोड़ रहा था। अनुष्का की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। फैंस ने लिखा–आरसीबी की जीत जितनी बड़ी थी, उतनी ही बड़ी स्टाइल क्वीन अनुष्का की एंट्री भी!"कुछ यूजर्स ने कहा विराट कोहली ने मैदान पर जलवा बिखेरा और अनुष्का ने स्टाइल से शो चुरा लिया! आरसीबी की इस जीत के मौके पर जहां विराट कोहली और टीम ने फैंस को गर्वित किया, वहीं अनुष्का शर्मा ने अपने लुक से फैशन प्रेमियों को मंत्रमुग्ध ा कर दिया। 27,000 की चमचमाती जींस और लाखों की रोलेक्स घड़ी उनके ग्लैमर, क्लास और सादगी से भरे परफेक्ट कॉम्बिनेशन को दर्शाता है।




# रवि दुबे और सरगुन मेहता ने की ड्रीमियाटा ड्रामा के नए चौप्टर की शुरुआत

पावर कपल रवि दुबे और सरगुन मेहता, जो अपनी क्रिएटिव सोच और सक्सेसफुल प्रोडक्शन वेंचर्स के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने अपने बैनर ड्रीमियाटा ड्रामा के तहत एक नया और एक्साइटिंग चौप्टर अनाउंस किया है। कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि अब ड्रीमियाटा ड्रामा के अंदर एक नया वर्टिकल शुरू किया जा रहा है जिसका नाम है, ड्रीमियाटा ड्रामा डिस्कवरी। ये खासतौर पर सिंडिकेटेड कॉन्टेंट पर फोकस करेगा। इस नए वर्टिकल 'ड्रीमियाटा ड्रामा डिस्कवरी' का हिस्सा बनते हुए रवि दुबे और सरगुन मेहता ने अपने पहले प्रोजेक्ट का भी ऐलान किया है, जिसका नाम है 'चम्पा लीला'। इस शो में लीड रोल निभा रहे हैं संजय मिश्रा, जो अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जाने जाते हैं। रवि दुबे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस से एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने चम्पा लीला प्रोजेक्ट का ऐलान किया और साथ ही सिंडिकेटेड कंटेंट की एक नई सीरीज लाने का वादा भी किया। इस पोस्ट के साथ रवि ने कैप्शन में लिखा है। खुशी है ये घोषणा करते हुए कि ड्रीमियाटा ड्रामा का नया वर्टिकल ड्रीमियाटा ड्रामा डिस्कवरी लॉन्च किया गया है, जहां हम अपने प्लेटफॉर्म पर सिंडिकेटेड कंटेंट दिखाएंगे। इस स्लेट का पहला प्रोजेक्ट है #champaleela, जिसमें लेजेंडरी @imsanjaimishra जी लीड रोल में हैं।



# कमल हासन और सिलंबरासन स्टारर फिल्म की खराब शुरुआत!! नेटिज़ेंस ने दूसरे भाग पर सवाल उठाया

ठग लाइफ ट्विटर समीक्षारू मणिरत्नम की कमल हासन, सिलंबरासन टीआर और त्रिशा कृष्णन अभिनीत ठग लाइफ गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म की समीक्षा एक ध्रुवीकरण वाली तस्वीर पेश करती है, जिसमें कई प्रशंसकों को फिल्म के कुछ हिस्से पसंद आए, लेकिन बड़े पैमाने पर आलोचना की गई कि कैसे दूसरा भाग खराब हो गया।

कमल हासन अभिनीत ठग लाइफ का पहला भाग अच्छी तरह से बनाया गया

एक एक्स उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, ष्ठग लाइफ अच्छी तरह से बनाया गया और अच्छा पहला भाग जिसने मुझे कुरोसोवा की रान और कुछ जगहों पर मणि की अपनी नायकन की याद दिला दी। शुरुआती दृश्य के बाद कुछ भी असाधारण नहीं है, लेकिन शिकायत करने के लिए भी कुछ नहीं है।ष एक अन्य ने कहा, षनिश्चित रूप से उतनी बुरी नहीं जितनी कि मैं सुबह से समीक्षा पढ़ रहा हूँ। मणिरत्नम की सुस्थापित शैली में अब तक काफ़ी अच्छा गैंगस्टर ड्रामा। कमल और एसटीआर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हैं, फ़िल्म की शुरुआत अच्छी रही और बदलाव के लिए, गैंगस्टर फ़िल्म होने के कारण, मैंने एक्शन से ज़्यादा कुछ संवादात्मक भागों का आनंद लिया। नकारात्मक पक्ष त्रिशा के कुछ हिस्से और इंटरवल ब्लॉक हैं, लेकिन इसके अलावा फ़िल्म अब तक पसंद आ रही है!

फ़िल्म के दूसरे भाग को मिर्ज़ापुर और पाताल लोक का रीहैश कहा जाता है

तीसरे उपयोगकर्ता ने कहा, मणिरत्नम शैली में अब तक का एक बढ़िया गैंगस्टर ड्रामा। कमल हासन चमकते हैं जबकि सिलंबरासनटीआर शो चुरा लेते हैं! कमल का युवा रूप और युवा एसटीआर के साथ बंधन। थोड़ा धीमा वर्णन लेकिन अच्छा विस्तार भी।ष एक और ने कहा नफरत करने वाले, ट्रोल करने वाले, बनावटी, विषाक्तता /पांउंसींद ने यह सब देखा है। आप और मुझ पर विश्वास करें कि आम फ़िल्म प्रेमी जो अपना पैसा खर्च करते हैं ठग लाइफ़ शानदार है। एक मास्टरक्लास। 10 साल बाद तारीफ करना बंद करो, अभी करो। इसे मिस मत करो। दूसरे यूजर ने टिप्पणी की पूरी फिल्म में केएच की एक्टिंग देखकर मैं दंग रह गया और एसटीआर ने भी शानदार काम किया, छोटे बच्चे के हाव–भाव और पूरी कास्ट ने कमाल कर दिया!! एआरआर का संगीत बहुत बड़ी ताकत है, लेकिन कुछ हिस्सों में यह थोड़ा अलग लगा.. दूसरा भाग खराब लेखन से ग्रस्त है! मणिरत्नम की फिल्म के दूसरे भाग से नेटिज़न्स काफ़ी निराश थे। एक प्रशंसक ने कमल से अपनी कहानियाँ लिखना बंद करने का अनुरोध किया, "जैनहस्पमि – एक बहुत बड़ी आपदा। एक कट्टर आनंदवर प्रशंसक के रूप में मैं रुप्दकपंद2 के बाद फिर से निराश हूँ। एक सामान्य और उबाऊ कहानी। एक भी दृश्य अच्छा नहीं है। आनंदवर कृपया अपनी कहानियाँ लिखना बंद करें और अपनी कहानियों में अभिनय करना बंद करें।" हालांकि, अधिकांश व्यापार विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस निर्णय से फिल्म के समग्र बॉक्स ऑफिस पर कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है। इंडिया टुडे से बात करते हुए, व्यापार विशेषज्ञों ने गुरुवार को पूरे देश में फिल्म के लिए 30–40 करोड़ रुपये की ओपनिंग की भविष्यवाणी की, जिसमें अकेले तमिल बाजार से 20–25 करोड़ रुपये की कमाई हुई।



# आलिया भट्ट ने बेस्ट फ्रेंड की शादी से शेयर कीं अनदेखी तस्वीरें, फंक्शन में ब्राइड्समेड की भूमिका निभाई

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में लोगों का ध्यान खींचने के बाद, आलिया भट्ट अपनी सबसे अच्छी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी में शामिल होने के लिए स्पेन रवाना हुईं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर समारोह की कुछ झलकियाँ शेयर कीं। एक तस्वीर में, वह बगीचे में तान्या को गले लगाती हुई दिखाई दे रही हैं, उन्होंने क्रीम कढ़ाई वाली जैकेट और फ्लेयर्ड पैंट पहनी हुई है, जबकि तान्या ने सॉफ्ट पिंक लहंगा पहना हुआ है। एक अन्य तस्वीर में उन्हें सीढ़ियों से नीचे उतरते हुए दिखाया गया है, तान्या ने लंबे घूंघट के साथ एक सुंदर सफेद गाउन पहना हुआ है, और आलिया ने फ्लोरल इयररिंग्स के साथ एक काले रंग का सीक्विन गाउन पहना हुआ है।

आलिया भट्ट ने ठथ्थ की शादी की तस्वीरें शेयर की

बुधवार को, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक कैरोसेल पोस्ट शेयर किया, जिसमें शादी में अपनी तस्वीरें, विभिन्न प्री–वेडिंग और शादी के उत्सवों की तस्वीरें शामिल हैं। इसमें दुल्हन के साथ उनकी एक तस्वीर और शादी से उनके लुक शामिल थे। आलिया एक आधुनिक ब्लैक स्ट्रैपलेस ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने एक अन्य शादी समारोह की झलकियाँ भी पोस्ट कीं, जहाँ उन्होंने एक आकर्षक सफ़ेद अलंकृत ब्रालेट चुना, जिसे मैचिंग ब्लेज़र और क्रीम स्कर्ट के साथ जोड़ा गया। अपनी पोस्ट में, आलिया ने लिखा, ष्अपनी सबसे अच्छी दोस्त को उसके जीवन के प्यार से शादी करते हुए देखने वाली लड़कियों के समूह से ज़्यादा कोमल, मज़बूत या चमकदार कुछ भी नहीं है @tanya-sg @d-angelov सबसे खूबसूरत शादी, सबसे खूबसूरत दुल्हन – और दिल जितना हम सोच भी नहीं सकते थे, उससे कहीं ज़्यादा भरा हुआ। कुछ जगहें घर जैसी लगती हैं – हमारी जगह वह है जहाँ हम साथ होते हैं। एक अन्य फ़ोटो में, आलिया नवविवाहित जोड़े और अपने करीबी दोस्तों के साथ पोज़ देते हुए मुस्कुरा रही हैं। आलिया ने सरसों के पीले रंग के ब्लाउज़ के साथ रंगीन कलीदार लहंगा पहना था।



# बच्चे को चीनी खिलाएं या नहीं? इसका सही जवाब मिलेगा यहां

माता–पिता ने अपने बच्चों के चीनी सेवन में कटौती कर दी है। एक न्यूरोसाइंटिस्ट ने मस्तिष्क के कामकाज पर उच्च चीनी वाले ष्जंक फूड्ष आहार के नकारात्मक प्रभावों का अध्ययन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि अत्यधिक चीनी के सेवन से युवा दिमाग को कोई लाभ नहीं होता है। लेकिन आज के वैज्ञानिक प्रमाण इस दावे का समर्थन नहीं करते हैं कि चीनी बच्चों को अतिसक्रिय बनाती है।

अतिसक्रियता मिथक

चीनी शरीर के लिए ईंधन का एक तीव्र स्रोत है। चीनी से प्रेरित सक्रियता के मिथक का पता 1970 और 1980 के दशक की शुरुआत में किए गए कुछ अध्ययनों से लगाया जा सकता है। यह फिंगोल्ड डाइट पर केंद्रित किया गया था, जो एक ऐसी बीमारी के उपचार के रूप में अपनाया गया था, जिसे अब हम अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) कहते हैं, एक न्यूरोडाइवर्जेंट प्रोफाइल जहां असावधानी औरध्या अति सक्रियता और आवेग की समस्याएं स्कूल, काम या रिश्तों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं। कुछ अध्ययन में दावा किया गया है कि अतिसक्रिय बच्चों का एक बड़ा हिस्सा उनके आहार के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया देता है।

चीनी पर किए गए कई अध्ययन

कई अध्ययनों से पता चला है कि चीनी बच्चों के व्यवहार या ध्यान अवधि पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं डालती है। लगभग 20 साल पहले प्रकाशित एक ऐतिहासिक मेटा–विश्लेषण अध्ययन में कई अध्ययनों में बच्चों के व्यवहार पर प्लेसिबो बनाम चीनी के प्रभावों की तुलना की गई थी। परिणाम स्पष्ट थेरू अधिकांश अध्ययनों में, चीनी के सेवन से सक्रियता या विघटनकारी व्यवहार में वृद्धि नहीं हुई। बाद के शोध ने इन निष्कर्षों को मजबूत किया है, जिससे यह सबूत मिलता है कि चीनी बच्चों में अति सक्रियता का कारण नहीं बनती है, यहां तक कि एडीएचडी से पीड़ित लोगों में भी नहीं। स्कूल–पूर्व आयु वर्ग के बच्चे बड़े बच्चों की तुलना में खाद्य योजकों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। यह संभवतः उनके शरीर के छोटे आकार, या उनके अभी भी विकसित हो रहे मस्तिष्क और शरीर के कारण है।

बच्चों के खाने–पीने का रखें ख्याल

एक अध्ययन में जहां माता–पिता को बताया गया कि उनके बच्चे को या तो मीठा पेय, या प्लेसबो पेय (गैर–चीनी स्वीटनर के साथ) दिया गया था, उन माता–पिता को, जो उम्मीद करते थे कि चीनी लेने के बाद उनका बच्चा अतिसक्रिय हो जाएगा, उन्हें वैसे ही प्रभाव का अनुभव हुआ, भले ही उनके बच्चे ने केवल शुगर–फ्री प्लेसिबो लिया था। चीनी को राक्षसी ठहराने के बजाय, हमें संयम और संतुलित पोषण को प्रोत्साहित करना चाहिए, बच्चों को स्वस्थ खान–पान की आदतें सिखानी चाहिए और भोजन के साथ सकारात्मक संबंध को बढ़ावा देना चाहिए। बच्चों और वयस्कों दोनों में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) मुक्त चीनी की खपत को ऊर्जा सेवन के 10 प्रतिशत से कम तक सीमित करने और आगे के स्वास्थ्य लाभ के लिए इसे 5 प्रतिशत तक कम करने की सिफारिश करता है।

# हल्दी का तेल त्वचा और बालों के लिए किसी खजाने से कम नहीं, मिलते हैं जबरदस्त फायदे



हल्दी के चमत्कारिक फायदे से हम सभी परिचित हैं, जैसे कि हल्दी का मास्क चेहरे पर लगाते हैं। लेकिन क्या आप अपनी त्वचा और बालों के लिए हल्दी तेल के उपयोग के बारे में जानते हैं? हल्दी से प्राप्त हल्दी का तेल एक बहुमुखी और शक्तिशाली प्राकृतिक उपचार है जो कई लाभ प्रदान करता है। हल्दी के तेल में शक्तिशाली जड़ी–बूटियां और सूजन–रोधी क्षमताएं हैं, जो इसे आपके सौंदर्य में एक प्रमुख घटक बनाती है। 2016 में जर्नल फाइटोथेरेपी रिसर्च में प्रकाशित एक अध्ययन में त्वचा पर हल्दी तेल के प्रभाव की जांच की गई। निष्कर्षों से तेल के कई लाभकारी प्रभावों का पता चला, जिसमें खोपड़ी पर शीर्ष पर लगाने पर बालों के झड़ने, खोपड़ी की खुजली और रूसी को संबोधित करने में इसकी प्रभावशीलता भी शामिल है।

हल्दी तेल के त्वचा संबंधी लाभ

एंटी–इंफ्लेमेटरी के गुण

हल्दी के तेल में करक्यूमिन होता है, जो एक शक्तिशाली एंटी–इंफ्लेमेटरी यौगिक है। हल्दी के तेल को ऊपर से लगाने से मुंहासे, एक्जिमा और सोरायसिस जैसी विभिन्न त्वचा स्थितियों से जुड़ी सूजन, लालिमा और सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।

एंटीऑक्सीडेंट सुरक्षा

हल्दी तेल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद करते हैं, त्वचा कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाते हैं। यह उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने, महीन रेखाओं, झुर्रियों और उम्र के धब्बों की उपस्थिति को कम करने और अधिक यूथ रंगत को बढ़ावा देने में मदद करता है।

मुंहासे का उपचार

हल्दी के तेल में जीवाणुरोधी और रोगाणुरोधी गुण होते हैं जो मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में प्रभावी होते हैं। यह सीबम के उत्पादन को भी नियंत्रित करता है, जो बंद छिद्रों और ब्रेकआउट को रोकने में मदद करता है। नियमित रूप से हल्दी तेल का उपयोग करने से मुंहासे को साफ करने और साफ रंगत को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

चमकदार और समान त्वचा टोन

हल्दी के तेल में त्वचा को चमकाने वाले गुण होते हैं जो काले धब्बे, हाइपरपिग्मेंटेशन और मुंहासे के निशान को कम करने में मदद कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह मेलेनिन के उत्पादन को रोकता है, जो त्वचा के रंग के लिए जिम्मेदार वर्णक है, जिसके परिणामस्वरूप त्वचा का रंग एकसमान और चमकदार होता है।

मॉइस्चराइजिंग और हाइड्रेटिंग

हल्दी का तेल आवश्यक फैटी एसिड और विटामिन से भरपूर होता है जो त्वचा को पोषण और हाइड्रेट करता है, जिससे यह नरम, कोमल और नमीयुक्त हो जाता है। यह त्वचा के प्राकृतिक अवरोधक कार्य को मजबूत करने, नमी की कमी को रोकने और समग्र त्वचा स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है।

हल्दी तेल के बालों के फायदे

बालों के विकास को बढ़ावा देता है

हल्दी का तेल बालों के रोम में रक्त परिसंचरण में सुधार करके, जड़ों को मजबूत करके और बालों का झड़ना कम करके बालों के विकास को बढ़ावा देता है।

स्कैल्प की स्थिति का इलाज करता है

हल्दी तेल के सूजन–रोधी और एंटिफंगल गुण विभिन्न खोपड़ी स्थितियों, जैसे रूसी, खुजली और खोपड़ी सोरायसिस को शांत करने और ठीक करने में मदद करते हैं। यह खोपड़ी के पीएच स्तर को संतुलित करने में भी मदद करता है, जिससे स्वस्थ बालों के विकास के लिए एक इष्टतम वातावरण बनता है।

चमक जोड़ता है

इसके अलावा, हल्दी के तेल में करक्यूमिनोइड्स होते हैं, जो बालों को प्राकृतिक चमक और चमक प्रदान करते हैं। हल्दी तेल का नियमित उपयोग सुस्त, बेजान बालों को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है, जिससे वे स्वस्थ और अधिक जीवंत दिखते हैं।

सिर की त्वचा की जलन को शांत करता है

हल्दी के तेल में सुखदायक गुण होते हैं जो खोपड़ी की जलन और सूजन को शांत करने में मदद कर सकते हैं। यह खुजली, लालिमा और असुविधा से राहत देता है, संवेदनशील या चिड़चिड़ी खोपड़ी वाले लोगों को राहत प्रदान करता है।

हल्दी तेल का उपयोग कैसे करें

फेस मास्क

DIY फेस मास्क बनाने के लिए हल्दी के तेल को अन्य प्राकृतिक सामग्री जैसे शहद, दही, या दलिया के साथ मिलाएं। मास्क को ताजी साफ की गई त्वचा पर लगाएं और धोने से पहले इसे 15–20 मिनट तक लगा रहने दें।

बालों के तेल से उपचार

हल्दी के तेल को हल्का गर्म करें और इससे सिर और बालों में मालिश करें। अधिकतम लाभ के लिए इसे रात भर लगा रहने दें, फिर अगली सुबह हल्के शैम्पू से धो लें।

स्पॉट ट्रीटमेंट

मुंहासों के दाग, निशान या काले धब्बों पर सीधे हल्दी तेल की एक बूंद लगाएं, ताकि समय के साथ उन्हें हल्का करने में मदद मिल सके। किसी भी एलर्जी प्रतिक्रिया का पता लगाने के लिए पहले से ही पैच परीक्षण करना सुनिश्चित करें।



# त्वचा को हेल्दी और जवां रखने के लिए फॉलो करें ये नाइट केयर रूटीन, झुर्रियों की होगी छुट्टी

त्वचा संबंधी परेशानियों में झुर्रियों की समस्या भी शामिल है। झुर्रियों के कारण फेस पर फाइन लाइंस आने लगती हैं और त्वचा की कसावट कम हो जाती है। हालांकि झुर्रियों की समस्या अधिकतर बढ़ती उम्र में नजर आती है। लेकिन कई बार अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण यह कम उम्र में भी चेहरे पर नजर आ सकती है। अनहेल्दी लाइफस्टाइल में तनाव लेना, जंक फूड का अधिक सेवन करना और देरी से सोना आदि शामिल है। वहीं खासकर नाइट रूटीन से जुड़ी कई अनहेल्दी आदतें रिंकल्स का कारण बन सकती हैं। क्योंकि रात के समय आपकी स्किन को हील और रिपेयर होने का समय मिलता है। ऐसे में अगर आप रात में कुछ स्किन केयर रूटीन अपनाती हैं, तो झुर्रियों का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपकी त्वचा को हेल्दी और जवां रखने में मदद करेंगी।

सिल्क का तकिया

सोने के दौरान सिर्फ सिल्क का तकिया इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि सिल्क आपकी स्किन में नमी को बनाए रखता है। ऐसे में यदि आप अगर सिल्क की तकिया पर चेहरा भी रख लेंगे, तो इससे आपकी त्वचा को नुकसान नहीं होगा।

मेकअप रिमूव करें

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो रोजाना मेकअप करती हैं। तो रात में सोने के दौरान मेकअप रिमूव करना न भूलें। क्योंकि मेकअप में तमाम सारा केमिकल मौजूद होता है, जो आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए फेसवॉस कर स्किन को मॉइस्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहती है।

स्किन को मॉइस्चराइज करें

रात को सोने से पहले अपनी त्वचा को मॉइस्चराइज करना न भूलें। मॉइस्चराइज करने से आपकी त्वचा में नमी बनी रहती है और त्वचा हेल्दी रहती है। क्योंकि रात में त्वचा को हील और रिपेयर होने का समय मिलता है। ऐसे में जब आप सोने से पहले स्किन को मॉइस्चराइज करते हैं, तो आपकी त्वचा स्मूद और सॉफ्ट बनती है।

स्क्रीन टाइम करें कंट्रोल

स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। क्योंकि स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू रेज त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए सोने से करीब 1 घंटे पहले से मोबाइल का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। वहीं सोने से पहले स्किन केयर रूटीन और दिमाग को रिलैक्स करने वाली एक्टिविटी कर सकते हैं।

क्लींजिंग है जरूरी

सोने से पहले क्लींजिंग करना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि पूरे दिन में धूल–धूप और मिट्टी के संपर्क में आने से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अगर आप सोने से पहले क्लींजिंग नहीं करती हैं, तो स्किन सेल्स में गंदगी जमने लगती है। इसलिए सोने से पहले क्लींजिंग जरूर करें, इससे आपकी त्वचा हेल्दी और जवां बनी रहेगी।

कैफीन करें अवॉइड

कई लोग रात में सोने के दौरान चाय या कॉफी का सेवन करते हैं। चाय और कॉफी में कैफीन पाया जाता है, जो आपकी त्वचा को ड्राई बना सकता है। वहीं कैफीन का सेवन करने से आपकी नींद भी प्रभावित हो सकती है। जोकि डार्क सर्कल्स और झुर्रियों का कारण बन सकती है। इसलिए अगर आपको रात में चाय या कॉफी पीने की आदत है, तो सोने से करीब 4–5 घंटे पहले इसका सेवन करना चाहिए।

# गर्मी होगी छूमंतार घर पर बनाएं ऑरेंज स्लश, इस तरह से बनाएं ये आइस ड्रिंक



गर्मियों में अक्सर कुछ ठंडा खाने का मन करता ही रहता है। ऐसे में आप सभी शिकंजी, लस्सी, कुल्फी, आइसक्रीम और चुस्की के जरुर मजे लेते हैं। गर्मी में खुद को कूल रखने के लिए घर में आप ऑरेंज स्लश बना सकते हैं। इसमें फ्रूट्स और अन्य फ्लेवर्स को बर्फ के साथ तैयार किया जाता है। यह एक थीक आइस ड्रिंक होती है। इसमें फ्लेवर्ड आइस को चूरा–चूरा कर दिया जाता है, इसे आप आराम से पी सकते हैं। चलिए आपको इस रेसिपी की विधि बताते हैं।

ऑरेंज स्लश की सामग्री

– आइस क्यूब की ट्रे
– आधा किलो संतरे या ऑरेंज जूस
– स्वादनुसार चीनी
– एक बड़ा चम्मच नींबू का रस
– प्लेन सोडा
– शहद या मेपल सिरप

ऑरेंज स्लश बनाने का तरीका

– सबसे पहले आप ऑरेंज जूस ले सकते हैं या फिर ताजा संतरे से ही जूस निकालकर उसका प्रयोग करें।

– संतरे का जूस निकालकर उसमें चीनी डालें और उसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें। चीनी अच्छी तरह से घुल जानी चाहिए।

– आप इसमें चीनी की जगह शहद या मेपल सिरप भी डाल सकते हैं।

– अब ऑरेंज का जूस में आधा कप सोडा और एक चम्मच नींबू का रस डालें। अच्छी तरह से सामग्री को मिलाएं। इस तैयार ड्रिंक को फ्रिज में चिल्ड होने के लिए लगभग डेढ़– दो घंटे के लिए रख दें।

– आपके फ्रीजर में से आइस क्यूब की ट्रे निकालकर क्यूब्स को ब्लेंडर में डालकर क्रश करें। अगर आपके पास आइस का बड़ा ब्लॉक है, तो उसे शेव भी कर सकते हैं।

– एक गिलास में क्रश की हुई आइस डालें और उसमें फ्रिज से निकाला हुआ संतरे का जूस डालकर चम्मच की मदद से अच्छी तरह से मिलाएं और सर्व करें।

– वहीं आप इसे किसी भी तरह के फ्रूट जूस से बना सकते हैं। दिन भर इस ड्रिंक को धीरे–धीरे सिप करें और गर्मी से राहत पाएं।

## संक्षिप्त




### फ्लिपकार्ट ने लिया ऐस फैसला, अब बिकेगी हिस्सेदारी, शेयर का हुआ ये हाल

ई कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने आदित्य बिड़ला फैशल व रिटेल में अपनी हिस्सेदारी बेच दी है। फ्लिपकार्ट की पूरी हिस्सेदारी छह फीसदी की है जो 588 करोड़ रुपये की है। फ्लिपकार्ट ने ओपन मार्केट में ट्रांजेक्शन के जरिए शेयर की बिक्री की है। शेयर बेचे जाने के साथ ही फ्लिपकार्ट एबीएफआरएल से अलग हुई है। आदित्य बिड़ला फैशन रिटेल पैंटालून्स, वैन ह्यूसेन, लुइस फिलिप जैसे ब्रांड्स है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक फ्लिपकार्ट ने अपनी सब्सिडरी कंपनी फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड के जरिए एबीएफआरएल में शेयर बेच दिए है। जो शेयर बेचे गए हैं वो कंपनी की लगभग छह फीसदी की हिस्सेदारी है। इस छह फीसदी हिस्सेदारी की कुल कीमत 588 करोड़ रुपये है। जानकारी के मुताबिक इन शेयरों को 80.32 रुपये प्रति शेयर के औसत भाव बेचा गया है। जितने शेयर बेचे गए हैं उसकी संख्या 7,31,70,731 है, जिसके बाद इसकी ट्रांजेक्शन वैल्यू कुल मिलाकर 587 करोड़ रुपये हो गई है। हालांकि एनएसई पर आदित्य बिड़ला फैशन रिटेल के शेयर खरीदने वाली यूनिट्स की जानकारी नहीं मिली है। अक्टूबर 2020 में आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी ने फ्लिपकार्ट से 1,500 करोड़ रुपये का कोष जुटाने की जानकारी दी थी।

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल के शेयरों पर हुआ असर

एनएसई पर आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल के शेयर नीचे गिर गए है। इस फैसले के बाद शेयर में 10.37 फीसदी की गिरावट आई है। शेयर की कीमत अब 77.08 रुपये पर पहुंच गई है। दूसरी तरफ बीएसई में कंपनी के शेयर 9.19 रुपये (10.69:) की गिरावट के साथ 76.79 रुपये के भाव पर बंद हुए थे।

### भारतीय रेलवे के जरिये वित्त वर्ष 2024-25 में 5.18 लाख वाहन भेजे : मारुति सुजुकी

मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2024–25 में भारतीय रेलवे के जरिये सर्वाधिक 5.18 लाख वाहन भेजे। कार बाजार की अग्रणी कंपनी ने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2014–15 से अभी तक भारतीय रेलवे के जरिये करीब 24 लाख वाहन भेजे गए हैं। वाहन विनिर्माता ने कहा कि वर्तमान में भारतीय रेलवे के जरिये 20 से अधिक केंद्रों में वाहन भेजे जाते हैं। इससे समूचे भारत में 600 से अधिक शहरों में सेवा दी जाती हैं।




कंपनी द्वारा निर्यात के लिए उपयोग किए जाने वाले मुंद्रा और पीपावाव के बंदरगाह स्थानों को भी रेलवे के माध्यम से सेवा दी जाती है। एमएसआई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने कहा, '' कार्बन उत्सर्जन को कम करना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है...उत्पादों तथा परिचालन दोनों स्तर पर।'' उन्होंने कहा कि मारुति सुजुकी 2013 में 'ऑटोमोबाइल–फ्रेट–ट्रेन–ऑपरेटर लाइसेंस' हासिल करने वाली भारत की पहली कंपनी थी। ताकेउची ने कहा, '' तब से, हमने रेलवे के जरिये करीब 24 लाख वाहन भेजे हैं। वित्त वर्ष 2030–31 तक, हम रेलवे के माध्यम से वाहन प्रेषण की हिस्सेदारी बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने की योजना बना रहे हैं।'' मारुति सुजुकी वर्तमान में 40 से अधिक 'फ्लेक्सी डेक रेक' संचालित करती है, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता प्रत्येक यात्रा पर करीब 300 वाहन ले जाने की है।

### सेंसेक्स, निफ्टी में शुरुआती कारोबार में तेजी

घरेलू बाजारों सेंसेक्स और निफ्टी में बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों ने बताया कि इसके अलावा, एशियाई बाजारों में बड़े पैमाने पर मजबूत रुख ने भी घरेलू बाजारों में सकारात्मकता को बढ़ावा दिया। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 197.83 अंक चढ़कर 81,196.08 अंक पर जबकि एनएसई निफ्टी 71 अंक की बढ़त के साथ 24,691.20 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल 30



कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्म, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, अदाणी पोट्र्स और एनटीपीसी के शेयर सबसे अधिक मुनाफे में रहे। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में गिरावट आई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग फायदे में रहे। वहीं जापान का निक्की 225 नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को मिले–जुले रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.78 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,076.18 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# राष्ट्रीय व्यापार सुरक्षा नीति लागू की जाए, टैक्सटाइल व गार्मेंट उद्योग की मांग

मुंबई। देश का टेक्सटाइल व गार्मेंट उद्योग पिछले कुछ सालों से कई परेशानियों से दो चार हो रहा है, जिसको लेकर हाल ही में कैट की टेक्सटाइल व गार्मेंट समिती ने केंद्र सरकार से देश भर के कपड़ा व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय व्यापार सुरक्षा नीति लागू करने की मांग की है। कारोबारियों ने अपनी परेशानियों को लेकर केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री गिरिजराज सिंह को पत्र लिखा है। इसमें कपड़ा उद्योग में बढ़ते संगठित धोखाधड़ी, फर्जी जीएसटी पहचान, साइबर अपराधा और भुगतान को लेकर बढ़ते घोटालों पर चिंता व्यक्त की गई है।

छोटे और मंझोले कारोबारियों के हित में बने नीति

कैट के टैक्सटाइल एवं गार्मेंट समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चम्पालाल बोथरा ने बताया कि भारत सरकार से हमने देश भर के कपड़ा व्यापारियों के लिए विशेषकर छोटे और मंझोले कपड़ा कारोबार को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय कपड़ा व्यापार सुरक्षा नीति की मांग की है। हमने केंद्र सरकार से हर राज्य में टेक्सटाइल फ्रॉड प्रोटेक्शन सेल को बनाने, राष्ट्रीय टैक्सटाइल व्यापारी डेटाबेस का निर्माण करने, जिसमें व्यापारियों की जीएसटी से जुड़ी समस्या सुनी जाए और जीएसटी पोर्टल की निगरानी जिसमें गलत जीएसटी नंबर की पहचान की हो और उसे कैंसल भी किया जा सकें। साथ ही नकली भुगतान स्क्रीनशॉट और साइबर फ्रॉड से बचने के लिए साइबर सुरक्षा प्रणाली को व्यापार के संगठनों से जोड़ने का अनुरोध किया गया है। उनका कहना है कि व्यापारियों की पहचान के लिए सत्यापन प्रणाली लागू की जाने की आवश्यकता है, इससे कारोबार में होने वाले फ्रॉड लेनदेन पर रोक लगेगी। सरकार को व्यापार धोखाधड़ी बीमा मॉडल (ट्रेड फ्रॉड इंश्योरेंस) पर ध्यान देने की जरुरत है।

कपड़ा उत्पादक मंडियों में बड़े पैमानियों पर कारोबारियों से ठगी चिंता की बात

बोथरा कहते हैं सूरत, कोलकाता, अहमदाबाद, दिल्ली और तिरुपुर, इंदौर, भिवंडी, मालेगांव, जबलपुर जैसे कपड़ा उत्पादक मंडियों में करोड़ रुपये की धोखाधड़ी होती है। अकेले सूरत जैसे मार्केट में हाल के महीनों में सौ करोड़ रुपये की



ठगी का मामला सामाने आया है। मुंबई के कपड़ा व्यापार संगठन भारत मर्चेंट चौंबर के धर्मेश भट्ट का कहना है, कि पिछले कई सालों से टैक्सटाइल एवं गार्मेंट कारोबार परेशानियों से गुजर रहा है। जिसमें छोटे और मध्यम आकार के कारोबारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिसकी बड़ी वजह कारोबार में बढ़ती धोखाधड़ी है। वे बताते हैं कि मुंबई से लेकर सूरत तक के कपड़ा बाजार में नकली कारोबारी बनकर, जिसमें उनके पास जीएसटी नंबर भी होता है, वे व्यापारी थोड़े पैसे देकर लाखों का माल ले जाते हैं। जिसकी वजह से लाखों रुपये का नुकसान कारोबारी के साथ उद्योग को हो रहा है।

कारोबार और रोजगार की सुरक्षा के लिए सरकार लागू करे नीति

भिवंडी पावरलूम के संघ अध्यक्ष सेजपाल बताते हैं कि सरकार को टैक्सटाइल और गार्मेंट उद्योग के लिए सुरक्षा नीति बनाने की जरूरत है, क्योंकि इससे लाखों लोगों का कारोबार और रोजगार जुड़ा हुआ है। भिवंडी पावरलूम की बात करें तो वर्तमान में लाखों इकाइयां बंद हो चुकी हैं और जो बची हुई हैं वो बंद होने की कगार पर हैं। दूसरा गार्मेंट कारोबारी अपने कारोबार को चलाने के लिए कई तरह की चुनौतियां का सामना कर रहे हैं, जिसमें पेमेंट को लेकर कई तरह की परेशानियां उनके सामने हैं। इसलिए सरकार को विशेषकर छोटे कपड़ा व्यापारियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय व्यापार सुरक्षा नीति लागू करने की जरुरत है।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का एलान, टंग-कुक नए चेहरे, वोक्स की वापसी

लंदन। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत–ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमरू बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स। टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ–साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है।

भारत के इंग्लैंड दौरे का शेड्यूल

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20–24 जून | लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2–6 जुलाई | बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10–14 जुलाई | लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23–27 जुलाई | मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई – 4 अगस्त | लंदन |

टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।







चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित







समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।







ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

